डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ कृष्ण पक्षा 12 – 2083 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 26 जून 2026

न्यूज गैलरी

सब्जी बाजार से महिला के गले से सोने की चैन चोरी

भोपाल। हमारी रोड पर लगने वाले सब्जी बाजार में एक महिला की सोने की चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, प्रतिभा मिश्रा नामक महिला बाजार में आई थी। अत्यधिक भीड़भाड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात बदमाश ने उनके गले से करीब 5 से 7 ग्राम की सोने की चेन उड़ा ली। महिला को घटना का अहसास घर पहुंचने पर हुआ। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। हालांकि पुलिस ने चौंड में चेन कहीं गिरने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डॉ. वही ने अमेरिका के विवि से पूर्ण किया लंग्स ट्रांसप्लांट प्रशिक्षण

भोपाल। एम्स भोपाल के कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विक्रम वही ने अमेरिका के वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में फेलो प्रशिक्षण (लंग्स ट्रांसप्लांट) संबंधी विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह प्रशिक्षण फेलोशिप लंग ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के सर्जिकल निदेशक एवं थोरेसिक सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. जेनगुआ होएफ्लोकेन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जो फेफड़ा प्रत्यारोपण क्षेत्र चिकित्सा के क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध नाम हैं।

शादी से इनकार पर एआई से फोटो बनाकर वायरल की

भोपाल। गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से युवती की बदनाम करने का मामला सामने आया है। शादी से इंकार करने पर आरोपी ने युवती की एआई से कई आपत्तिजनक तस्वीरें तैयार कर कॉलोनी में अखबार के साथ वितरित कर दीं। पीड़िता की बड़ी बहन की शादी शादी डॉट कॉम एप से हुई थी, जिसके बाद परिवार भी इसी माध्यम से रिश्ता तलाश रहा था। इसी दौरान उदयपुर निवासी प्रताप से संपर्क हुआ। मुलाकात के बाद युवती ने शादी से इंकार कर दिया। आरोप है कि इससे नाराज होकर आरोपी ने धमकी दी और एआई तकनीक से फर्जी तस्वीरें, शादी का नकली कार्ड व गोद भराई का पैम्फलेट बनवाकर कॉलोनी में बांट दिया तथा सोशल मीडिया पर भी खुली बातें फैलाई। पीड़िता ने थाने में आवेदन दिया, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इसके बाद मामला महिला आयोग पहुंचा, जहां से साइबर सेल को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

युवती ने मामला दर्ज कराया

भोपाल। भोपाल में महिला आयोग की जनसुनवाई में एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और रुपए ऐंठने का मामला दर्ज

सूबे में मई 2016 से पूरी तरह बंद पड़ी पदोन्नति (प्रमोशन) की प्रक्रिया अगले 10 से 15 दिनों में दोबारा शुरू होने जा रही है

4.50 लाख सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों का फिर से होगा प्रमोशन

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के करीब 4.50 लाख सरकारी अधिकारी–कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। सूबे में मई 2016 से पूरी तरह बंद पड़ी पदोन्नति (प्रमोशन) की प्रक्रिया अगले 10 से 15 दिनों में दोबारा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा साल 2025 में किए गए वादे को अमलीजामा पहनाते हुए राज्य सरकार ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। कानूनी अड़चनों को दूर करने के लिए दिल्ली और जबलपुर के वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों से राय मशविरा करने के बाद 17 जून को कैबिनेट की बैठक में मध्यप्रदेश संशोधन दे दी गई थी। इस ऐतिहासिक फैसले के क्रियान्वयन को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 24 जून को राज्य स्तरीय बैठक कर बरसों पुराने और अदालतीय मामलों को खत्म करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही संभाग आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिशा–निर्देश जारी कर अलर्ट रहने को कहा गया है।

अनुमान है कि सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रमोशन से करीब २ लाख पद रिक्त होंगे जिन पर सरकार नई भर्तियां करेगी

मुख्यमंत्री ने किया था ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2025 में ही बंद पड़ी पदोन्नति प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार ने कई दौर की बैठकें और कानूनी सलाह–मशविरे के बाद नया पदोन्नति नियम तैयार किया। अब अंतिम प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी होने के साथ कर्मचारियों को लंबे इंतजार खत्म होता दिखाई दे रहा है।

10–15 दिनों में शुरू होगी पदोन्नति प्रक्रिया

युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

जब सरकार के इस कदम से सरकारी सेवा में पदोन्नति की उम्मीद लगाए बैठे अधिकारी–कर्मचारियों को उच्च पदों पर पहुंचने का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों के पदों पर युवाओं के लिए नौकरियों का नया रास्ता खुलेगा। अनुमान है कि सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रमोशन से करीब 2 लाख पद रिक्त होंगे, जिन पर सरकार नई भर्तियां करेगी।

कैबिनेट की मंजूरी के बाद विभाग अलर्ट मोड पर

मध्यप्रदेश लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025ः को हरी झंडी

2016 से क्यों थमा था प्रमोशन का पहिया ?

कम्बारेल में सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति मई 2016 से आरक्षण नियम और न्यायालय में लंबित मामलों के कारण पूरी तरह रुक गई थी। इस 10 साल की लंबी सन्नाटे के बाद प्रदेश के लाखों कर्मचारी बिना किसी प्रमोशन के ही सेवानिवृत्त (रिटायर) हो गए। अब नए नियमों में अनुसूचित जाति (एससी) को 16 और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को 20 प्रतिशतिक सुनिश्चित करते हुए सीनियर और वरिष्ठता के संतुलन के साथ नया गणितीय तैयार किया गया है, जिससे सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके।

विधायक पुत्र से विवाद के बाद 4 गिरफ्तार, थाने में पिटाई का आरोप

आरोपियों के घर तोड़े–गाड़ी जब्तों के शुरू हुआ विवाद, थाने में विधायक पुत्र ने भी पीटा

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मालवीय नगर स्थित एमएलए रेस्ट हाउस में रहने वाले भूरेना विधायक दिनेश गुर्जर के बेटे देवराज और चार युवकों के बीच बुधवार देर रात विवाद हो गया। आरोप हैं कि पुलिस ने देवराज की शिकायत पर अंधेरगर्दी, मारपीट, गाली–गलौज ने और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर चारों युवकों को बुधवार–गुरुवार की रात हिरासत में लिया। परिजनों का आरोप है कि गिरफ्तार करने के बाबजूद गुरुवार को उन्हें कोर्ट में पेश नहीं किया गया। थाने में भी उनके साथ केसरी से मारपीट की गई। एक आरोपी की फोटो का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस के मुताबिक, भूरेना विधायक दिनेश गुर्जर के 29 वर्षीय बेटे देवराज बिजरौल बताते हैं। उन्होंने शिकायत में आरोप किया है कि 24–25 जून बालकनी में टहल रहे थे। तभी घर के सामने खड़े युवक शराब पीते दिखे। नौबत आयात उन्हें वहां से जाने के लिए कहा तो वे गाली–गलौज करने लगे और घर की सीढ़ियों पर चढ़ने का प्रयास किया। जोरदार हल्ला हुआ तो पड़ोसी जब मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए। अगले दिन 25 जून को आरोपी फिर घर के सामने आए और गाली–गलौज करने लगे। इस बार उन्होंने घर के गेट तोड़ दिए और एक गाड़ी को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान देवराज और उनके साथियों ने रोकने से मारपीट की। जानकारी मिलने पर मनोज, मंकज और दिनेश वहां आ गए। आरोप है कि उन्हें भी पीटा गया। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को थाने ले गई। थाने में भी पुलिसकर्मियों और देवराज ने चारों को रुकी से पीटा।

बड़ा हादसा टला, कार जब्त, पुलिस जांच शुरू

कोर्ट परिसर में बेकाबू कार पॉलटी, कई वाहन क्षतिग्रस्त

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला अदालत परिसर में गुरुवार को अचिंत्यता सहित दिनकर की टाटा पंच कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दिनकर गेट नंबर 7 से अदालत से बाहर जा रही थी, तभी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि वहां खड़े 4 5 दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें अधिवक्ता ओपी द्विवेदी की एक्टिवा, एक पुलिसकर्मी की बाइक और एक दिनकर वाहन शामिल है। एनवी नगर पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

दिनकर वाहन केस से जुड़े सीबीआई के वकील रह चुके हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति काफी तेज थी। अचानक सामने आए लोगों और वाहनों को देखकर के प्रयास में चालक ने कार बाउंड्री वॉल की ओर मोड़ी, लेकिन तेज रफ्तार के कारण वाहन वहां खड़े वाहनों से टकराकर बाउंड्री वॉल के सहारे पलट गया।

हादसे के वक्त कार मौन चला रहा था, इसी लेकर विवाद है। दिनकर का कहना है कि उनका ड्राइवर कार चला रहा था, उन्होंने पुलिस का बाना है कि हादसे के समय वे स्वयं कार चला रहे थे। एएसआई राकेश सिंह की अनुसार, वाहन प्रत्यक्ष एनवी 09 जेटजी 7849 की जांच की जा रही है।

पाइपलाइन काटी या चोरी की तो होगी सीधे जेल

डीआर संवाददाता ▶▶ इंदौर

गंदा जल मामलों से पेयजल व्यवस्था को पूरा होने बचाने जा रहा है। नए कानून के तहत पानी की पाइपलाइन काटने, क्षतिग्रस्त करने या पानी पर कब्जा कर पानी चोरी करने पर सीधे एफआईआर दर्ज होगी। सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित ग्रामीण नलजल योजनाओं के लिए 2020 के नियमों की जगह यह नया है। नया कानूनसाई चिंतन यानी की

व्यवस्था खत्म होगी और जल जीवन मिशन में लगाए गए पाइप, इसे लेकर विवाद है। दिनकर का कहना है कि उनका ड्राइवर कार चला रहा था, उन्होंने पुलिस का बाना है कि हादसे के समय वे स्वयं कार चला रहे थे। एएसआई राकेश सिंह की अनुसार, वाहन प्रत्यक्ष एनवी 09 जेटजी 7849 की जांच की जा रही है।

मंडल पर संचालित किया जाएगा। यह कानून इसलिए किया गया क्योंकि जल जीवन मिशन के तहत टंकियों और पाइपलाइन बनने के बाद कई गांवों में गंदगी गड़बड़ियां सामने आई थीं। कई जगह सरपंच–सचिव नलजल मोटर टैक्स वसूलकर जमा नहीं कर रहे थे। बिजली बिल नहीं भरते थे यानि बंद हो जाते थे, जबकि प्रभावशाली लोगों को बड़े पाइप के अवैध कनेक्शन टैंकर पानी की चोरी कराई जा रही थी। इन्हीं गड़बड़ियों को रोकने के लिए पूरी व्यवस्था डिजिटल कर दी गई है।

सरपंच–सचिव लोक सेवकय गड़बड़ी की तो बर्खास्त होंगे

शासीय गंदा–जल योजना से जुड़े सरपंच और पानी समिति का हर सदस्य बीएनएस, 2023 की धारा 2 (26) के तहत लोक सेवक माना जाएगा। टैंकर वसूली में पकड़ाने, पहेलों को अवैध कनेक्शन देने या कब में हेराफेरी पर पद से बर्खास्त होंगे। वसन का केस दर्ज होगा।

टुल्लू पंप लगाया या पेयजल से वाहन धोया तो कार्रवाई

मुख्य लाइन पर टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने या पीने के पानी से वाहन धोने पर पहली बार 100 से शुरुआती बार 500 जुर्माना लगेगा। कनेक्शन भी तत्काल काट जाएगा।

10 तारीख तक बिल नहीं भरा तो 5–10

पेनल्टी 5 हर महीने 10 तारीख तक वाटर टैक्स जमा करना होगा। देरी पर 5 से 10 तक पेनल्टी लगेगी। लगातार तीन महीने भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन स्थायी रूप से काटेगा।

नकद लेन–देन पूरी तरह बंद। हर महीने शपथपत्र दर्शाना पोर्टल पर ऑनलाइन बिल जारी होगा। चेक से भुगतान होगा। शुरुआत पानी की शिकायत मिलते ही ऐप्प सेवार एप के जरिए जानकारी देनी पड़ सकेगी।

क्रिकेट मैच के दौरान झगड़ा, 9वीं के छात्र पर चाकू से हमला

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल तलैया इलाके में क्रिकेट मैच के दौरान हुए झगड़े का बदला लेने के लिए दो युवकों ने दो युवकों ने 9वीं के छात्र को घर से बुलाकर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। छात्र के दोनों हाथों में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने इलाज के उपरांत का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। तलैया पुलिस के मुताबिक मंगलवार, तलैया निवासी 15 वर्षीय अवनीश अपनी प्रेमी का छात्र है। करीब 16 दिन पहले इमामबाड़ा मैदान में क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट और उसके साथी से अवनीश का विवाद हो गया था। लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया था। बुधवार की रात करीब 8 बजे कार्तिक और उसका साथी अवनीश के घर पहुंचे और उसे बाहर बुलाकर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में उसके दोनों हाथों में गंभीर चोट आई है।

भोपाल कांग्रेस की 52 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

करीब तीन साल पहले भोपाल शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए प्रशांत श्रवसेना को आखिकार अपनी पहली कार्यकारिणी मिल गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंजूरी के बाद गुरुवार को 52 पदाधिकारियों वाली कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। अध्यक्ष के विश्वास से यह भोपाल शहर कांग्रेस की सबसे बड़ी कार्यकारिणी है। कांग्रेस संगठन ने इस बार जिला कार्यकारिणियों का आकार सीमित रखने की नीति अपनाई है। इसी के तहत भोपाल शहर की कार्यकारिणी को भी छोटा रखा गया है। पहले शहर कांग्रेस की कार्यकारिणियों में 100 से अधिक पदाधिकारी होते थे। साल 2023 के विधानसभा चुनाव के समय एक नाराजगी घटनाक्रम में प्रशांत श्रवसेना का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। तब से अब तक सबसेना बिना कार्यकारिणी के ही काम चला रहे थे। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में मनीष पाहुजा, बलवान्त जैन (सोनू भाया), रमीन चौरे, तुलीचंद पटेल, अनस खां रहमान, नईम खान, नंदकुमार गौतम, समीर राजा, महमूद खान और राकेश राठौर तथा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव के रूप में रामराज तिवारी, भानु प्रताप सिसोदिया, बाबर खान, गिरीश खान, मेहताब, जमशेद अंजुम, कमल पाठा, अनिल जायसवाल, दान सिंह दानी ठाकुर, राकेश कुरैशे, तहूल खान (इदरिस), साहिया खान, शनिश लोधी, योगेश राठौर और सोनिल कोठवाल को शामिल किया गया है। अभिषेक शर्मा को संगठन महामंत्री और महेंद्र जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

---

12 परिसरों में 3.97 करोड़ नकद और 3.45 करोड़ के जेवर मिले

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

फंड डायवर्जन और वित्तीय अनियमितताओं की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजधानी के एक निजी शैक्षणिक संस्थान से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 23 जून को भोपाल, इंदौर समेत 12 परिसरों और एक बैंक लॉकर की तलाशी ली।

कार्रवाई ईओडब्ल्यू, भोपाल की एफआईआर के आधार पर की गई। जांच में छात्रों की फीस, छात्रवृत्ति अनुदान और बैंक ऋण की राशि को संबंधित तौर पर संबद्ध ट्रस्टों, कंपनियों और अन्य इकाइयों में डायवर्ट किए जाने के संकेत मिले हैं।

तलाशी के दौरान 3.97 करोड़ रुपए नकद और 3.45 करोड़ मूल्य के सोने के जेवर बरामद किए गए। मोबाइल फोन, डिजिटल उपकरण, वित्तीय रिकॉर्ड, संदिग्ध संपत्ति दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने संस्थान के एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सिस्टम का डेटा भी कब्जे में लिया है। एजेंसी के अनुसार, इसमें फीस, भुगतान, लेखांकन और लेनदेन से जुड़ी अहम जानकारियां मिलने की संभावना

मोहर्रम जुलूस आज | दोपहर 12 बजे से वीआईपी रोड और पुराने शहर में ट्रैफिक डायवर्जन

एयरपोर्ट–रेलवे स्टेशन जा रहे हैं तो थोड़ा पहले निकलें, बदला है रूट

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मोहर्रम पर शुक्रवार को निकलने वाले ताजिया जुलूस को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने दोपहर 12 बजे से वीआईपी समाप्त होने तक पुराने शहर और वीआईपी रोड क्षेत्र में विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। पुलिस ने नागरिकों से अनावश्यक रूप से वीआईपी रोड और जुलूस मार्ग का उपयोग न करने की अपील की है।

एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को भी निर्धारित समय से पहले घर से निकलने की सलाह दी गई है। शहर के अलग–अलग क्षेत्रों से आने वाले ताजिए इमामी गेट और पीरगेट के बीच एकत्रित होंगे। इसके बाद जुलूस नवाबी चौक, रॉयल मार्केट, हमीदिया अस्पताल, कोहेफिजा तिराहा और जीएडी मार्ग से होते हुए कस्बला पहुंचेगा। कुछ ताजिए वीआईपी रोड से होकर निम्नौरी क्षेत्र की ओर भी

जाएंगे।

इन क्षेत्रों में ज्यादा रहेगा ट्रैफिक का दबाव

वीआईपी रोड, इमामी गेट, पीरगेट, नवाबी चौक, रॉयल मार्केट, हमीदिया अस्पताल क्षेत्र, कोहेफिजा तिराहा, कस्बला मार्ग और लालघाटी क्षेत्र में।

वैकल्पिक मार्ग: नए शहर से पुराने शहर जाने वाले वाहन रोशनपुरा चौराहा, कंट्रोल रूम, सिली चौराहा, काली मंदिर, भारत टॉकीज और हमीदिया रोड होकर आवागमन कर सकेंगे। सीहोर, इंदौर, उज्जैन और बाणगंगा की ओर जाने वाले वाहनों के लिए नीलबड़, खतीबड़, बागसेवनिया, खजूरी सड़क और अयोध्या बायपास मार्ग से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

लालघाटी की ओर बसें प्रतिबंधित

इंदौर, उज्जैन, राजगढ़ और बाणगंगा की ओर से आने–जाने वाली बसों को लालघाटी की ओर प्रवेश नहीं मिलेगा। ये बसें हलालपुरा बस स्टैंड तक ही संचालित होंगी। भारत टॉकीज, अलमपुर तिराहा, रामपुर बस स्टैंड, भोपाल टॉकीज, शाहजहांनाबाद, रॉयल मार्केट, कोहेफिजा तिराहा और कस्बला क्षेत्र में भारी, मालवाहक और व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के लिए इन रास्तों से होकर जाएं

एयरपोर्ट: भदभदा, नीलमंडल, नाथू, बरकोड़ा रोड, खजूरी सड़क, मुबारकपुर मार्ग; प्रभात चौराहा, जेके रोड, अयोध्या बायपास, रॉयलनगर तिराहा।

रेलवे स्टेशन: प्रभात चौराहा, जहिरिया चौराहा, 80 फीट रोड, बजरिया तिराहा।

प्रदेश के जिन 3 जिलों में मानसून पहुंचा, वहां 136 मिमी तक बारिश

मानसून मप्र में एंट्री लेते ही अटका, भोपाल पहुंचने में 48 घंटे तक लेगा

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

एक दिन पहले मध्य प्रदेश में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी, दोनों ओर से अवेश करने वाला मानसून फिलहाल थम गया है। पिछले 24 घंटे में यह एक जगह अटक गया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, मानसून अगले 24 से 48 घंटे में भोपाल पहुंच सकता है। हालांकि, इस दौरान प्रदेश के 34 जिलों में बारिश दर्ज की गई। जिन इलाकों में मानसून पहुंच चुका है, वहां पांच स्थानों पर 117 से 136 मिमी तक वर्षा हुई। मंगलवार अलिक 136.0 मिमी बारिश बड़वानी में

हुई। इधर, भोपाल में बुधवार को दिनभर धूप और बादलों की आंख–मिचौली चली। अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री गिरकर 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आगे क्या: शुक्रवार को भोपाल समेत प्रदेश के 70ः हिस्से में गरज–चमक के साथ बारिश व तेज हवा का यलो अलर्ट है, जबकि 4 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

अभी ये 5 मौसमी सिस्टम सक्रिय, ये बारिश कराएंगे

मध्य प्रदेश के जारी हिस्से में चक्रवाती हवा का घेरा बना हुआ है। सर्विलांस और अवलोकन के क्षेत्र में डेपरेशन डिस्टरबेंस साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में सक्रिय है। उत्तर राजस्थान से भी चक्रवाती हवा का घेरा बना हुआ है इसके अलावा मध्य प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी हिस्से में भी एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इन मौसम प्रणालियों से जुड़ी एक ट्रफ लाइन मध्य महाराष्ट्र से होते हुए अरब सागर तक गुजर रही है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 - 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 26 जून 2026

न्यूज गैलरी

पेंशन हितग्राहियों के खातों में 2. 70 करोड़ रुपये अंतरित

सीहोर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन योजनाओं के तहत सीहोर जिले के 45,086 हितग्राहियों के खातों में 2 करोड़ 70 लाख 53 हजार रुपये की राशि अंतरित की। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के एनआईसी हॉल से अधिकारी और हितग्राही पीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। विभाग द्वारा मुद्रांकन, निराश्रित, परित्यक्ता, अविवाहित एवं विधवा हितग्राहियों को प्रतिमाह 600 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

26 जून को निकलेगी नशामुक्ति जन-जागरूकता रैली

सीहोर। जिले में 17 से 26 जून तक आयोजित "नशा मुक्त मास सप्ताह" का समापन 26 जून को जागरूकता रैली के साथ होगा। कलेक्टर कालूराम के. के निर्देश पर जिलेभर में निबंध, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, शपथ अभियान और पंचायत स्तर आयोजित किए जा रहे हैं। रैली सुबह 9 बजे आयोजित खेल परिसर से शुरू होकर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एजुकेशन तक जाएगी। कार्यक्रम में नशामुक्ति गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

विधानसभा प्रश्नों के जवाब समय पर देने के निर्देश

सीहोर कलेक्टर कालूराम के. ने 20 से 24 जुलाई 2026 तक होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा मानसून सत्र को देखते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा में भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उत्तरों की तथ्यात्मक शुद्धता सुनिश्चित करने और अधिसूचना अटाल रखने को कहा। किसी कठिनाई की स्थिति में अधिकारियों को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा सत्र के दौरान बिना अनुमति अवकाश नहीं लेने को भी कहा गया है।

28 जून से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

सीहोर। जिले में 28 से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,82,064 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई जाएगी, जबकि अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे बच्चों को खुराक देंगी। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आंगनवाड़ियों में बूथ बनाए जाएंगे। नागरिकों से बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की गई है।

खेती किसानी खेती की लागत के दामों में भारी उछाल से किसान परेशान, जिले में मानसून मेहरबान, किसानों को दी बोवनी की सलाह

लाभ का धंधा नहीं, अब घाटे का सौदा बनी खेती बोवनी से पहले प्रति एकड़ 18 हजार बढ़ा खर्च

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मध्य प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार तक मोटा और अधिकारी भाषा से चाहे जितने भी लंबे-चौड़े दावे कर ले कि खेती अब लाभ का धंधा बन चुकी है, लेकिन इसकी असली जमीनी हकीकत देखनी हो तो खेतों में पसीना बहाते किसानों के हाल देख लीजिए। हकीकत यह है कि बढ़ती महंगाई के कारण आज खेती लाभ का नहीं, बल्कि सीधे-सीधे घाटे का सौदा साबित हो रही है।

खरीफ सीजन की बुवाई सिर पर है और किसानों के सामने लागत का ऐसा पहाड़ खड़ा हो गया है, जिसे पार करना उनके बस के बाहर दिख रहा है। डीजल, खाद, बीज की बढ़ती कीमतों और आसमान छूती मजदूरी ने अन्नदाता की कमर तोड़ कर रख दी है। इस बार किसानों को प्रति एकड़ करीब 12 हजार रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है, जिससे न सिर्फ किसानों का बजट बिगड़ा है बल्कि फसलों की बुवाई में भी देरी होने की आशंका बनी हुई है।

जोताई से लेकर कटाई तक, सब कुछ हुआ महंगा

किसान कल्याण मंच और नीलकंठ मंच ने जमीनी दर्द बयां करते हुए बताया कि खेती की जोताई से लेकर बुवाई, निंदाई, खाद, कीटनाशक और अन्य सभी कटाई-थ्रेसिंग तक खेती का हर एक चरण अब बेहद महंगा हो चुका है। महंगाई का आलम यह है कि जो खेती पिछले साल 2025 तक 20 से 25 हजार रुपये प्रति एकड़ में निपट जाती थी, वह इस साल 2026 में 36 हजार रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच चुकी है।

खाद की किल्लत और डीजल ने बिगाड़ा खेल

इस बार सबसे ज्यादा परेशानी में खाद की भारी किल्लत देखी जा रही है। ऊपर से सरकार की नई अधिसूचना पहले दी, लेकिन अब कीटों के कुमेरे में किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि सीमेंट जैसे की तरह कीटनाशकों में 18 से 28% तक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं मजदूरी और डीजल के दामों में हुई बढ़ोतरी ने ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों का किराया बढ़ा दिया है, जिससे खेती की लागत बेतहाशा बढ़ गई है।

23 हजार से 36 हजार तक पहुंची लागत

तुलसीराम कुशवाहा जैसे ने एक अनुमान में कहा कि किसान वर्ष 2025 में खेत की जोताई की लागत करीब 4000 रुपए तक थी, लेकिन 2026 में ये 5000

जिले में अब तक कहां कितना बरसा पानी

जिले में अब तक की कुल वर्षा के आंकड़ों ने बेचैनी और बढ़ा जरूर दी है। जिले में जून के अब तक दर्ज की गई वर्षा के अनुसार सिहोर में 84.0 इंच, सलकनपुर में 78.5 इंच, आष्टा में 58.0 इंच, जावर में 51.0 इंच, बुदनी में 51.0 इंच, कोठरी में 47.5 इंच, आष्टा में 31.0 इंच, जावर में 31.1 इंच, बेटी में 30.2 इंच और अहमदपुर में 23.0 इंच बारिश दर्ज की गई है। जिलेवार की बड़ी जिलाजिले साल से मानसून के पिछड़ने के कारण जिले के अन्नदाताओं की चिंता बढ़ती जाने लगी है, जबकि खरीफ की खेती के लिए खेतों को अच्छी और लगातार बारिश की दरकार होती है। जून का महीना समाप्त होने की ओर है, ऐसे में पिछले साल के मुकाबले कम रही गिरना खेती के मुख्यतारी पक्ष को प्रभावित कर सकता है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल दुरुस्ती दौर है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल दुरुस्ती दौर है। अब सागर और बंगाल की खाड़ी से नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है, जिससे अगले कुछ दिनों में बारिश की रफ्तार में बड़ी तेजी आएगी और जिला पिछले साल के रिकॉर्ड को जल्द ही पार कर लेगा। रफ्तार तक पहुंच गई है। इसी तरह बीज की खरी 1500 से 3500 पहुंच गया है। खाद और फर्टिलाइजर 3000 से 10000, कीटनाशक 2000 से 8000, मजदूरी 2000 से 6000, कीटनाशक 6000 से 9000, कटाई और थ्रेसिंग 5000 से 7500 तक बढ़ गई है। कुल अनुमानित लागत करीब एकड़ 23 हजार रुपए से बढ़कर 36,000 रुपए तक जा पहुंची है। ऐसे में उन अन्नदाता का दर्द है कि खेती का लगातार तार है या घाटे का सौदा बोलने के लिए उन्होंने सरकारी तरफ उठी मांगों ने किसानों को अंदेशा किया है, वहीं दूसरी तरफ हेमंत सिंह सेलवानी के किसानों को जोड़ी पहल मिली है। गोपाल डोडियाल एडवाइजर मंत्रालय के अनुसार जिले

पिचिंग कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप, कांग्रेस ने जांच की मांग

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुप्ताजी ने सीहोर नदी में 3 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे पिचिंग कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और घुणवाता के लापरवाही के आरोप लगाए हैं। गुरुवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने दावा किया कि कार्य में मानकों का पालन नहीं किया गया है और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब है। गुप्ताजी ने कहा कि जहां मजबूत और टिकाऊ पिचिंग निर्माण होना चाहिए था, वहां पत्थर हाथ से ही उखड़ रहे हैं। उनके अनुसार निर्माण कार्य में नीचे गिट्टी और मुरम का उपयोग किया गया है, जबकि ऊपर केवल सीमेंट की पतली परत चढ़ाकर गुणवत्ता का दिखावा किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये की परियोजना में जनता के धन का दुरुपयोग किया गया है। कांग्रेस ने कलेक्टर, सांसद, विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष से स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को नदी में उतरकर वास्तविक स्थिति देखनी चाहिए। कांग्रेस ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि यदि जांच में अनियमितता का भ्रष्टाचार साबित होता है तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

नर्मदापुरम में हेलीपैड क्षतिग्रस्त, बुधनी से पीड़ित को एयर एंबुलेंस से भेजा नागपुर

डीआर संवाददाता>>बुधनी

नर्मदापुरम जिले के ग्राम रसूलिया निवासी 83 वर्षीय राम गोपाल टीकरी बेन हेमरेज से पीड़ित हैं। उन्हें तत्काल नागपुर एयर एंबुलेंस से नागपुर भेजना था। लेकिन नर्मदापुरम का हेलीपैड क्षतिग्रस्त था।

नर्मदापुरम जिला प्रशासन से सीहोर जिला प्रशासन से बुधनी के ट्रामसेंटर चिकित्सा हेलीपैड पर जरूरी व्यवस्थाएं करने का अनुरोध किया। कलेक्टर कालूराम के. के निर्देश पर अमला सक्रिय हुआ। बुधनी तहसीलदार ललित सोनी ने बताया कि मरीज को हेलीपैड तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने के प्रयास किए गए। सुबह 11 बजे राम गोपाल टीकरी को मेडिकल एयर एंबुलेंस सेवा से नागपुर रवाना किया गया।

सड़क से दूरी 330 किलोमीटर बुधनी (जिला सीहोर) से नागपुर तक सड़क मार्ग से दूरी 290 से 330 किलोमीटर है। जिसमें 6 से 8 घंटे लग सकते हैं। एयर एंबुलेंस से 1 से 1.5 घंटे में पहुंच जाते हैं

850 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक समेत 82 हजार का सामान जब्त

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले की गोपालपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 850 ग्राम गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल बरामद की है। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत करीब 82 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस को गुप्तचर से सूचना मिली थी कि दो युवक गांजे की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर गोपालपुर थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बोरदी के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। तलाशी लेने पर उसमें से 850 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम गोपाल टीकरी बेन हेमरेज से पीड़ित हैं। उन्हें तत्काल नागपुर एयर एंबुलेंस से नागपुर भेजना था। लेकिन नर्मदापुरम का हेलीपैड क्षतिग्रस्त था। जिसमें 11 बजे राम गोपाल टीकरी को मेडिकल एयर एंबुलेंस सेवा से नागपुर रवाना किया गया।

निवासी गोपालपुर को पकड़ लिया। तस्करी के दौरान उनके पास से 850 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 12 हजार रुपये है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करी में उपयोग की जा रही बजाज पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रुपये आंकी गई है। इस प्रकार पुलिस ने कुल 82 हजार रुपये मूल्य का माल बरामद किया है।

जांच के दौरान मामले में राहुल निगवी अन्य संदिग्ध का नाम भी सामने आया है। आरोपी मिलखान फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में की गई।

पिछले साल के मुकाबले मानसून में पिछड़ा जिला, अब तक 4.28 इंच औसत बारिश

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में बैसे तो मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और बादलों की आवाजाही जारी है, लेकिन अगर आंकड़ों की बात करें तो इस बार जिला पिछले साल के मुकाबले मानसून की दौड़ में पिछड़ता नजर आ रहा है। वर्ष 2025 की तुलना में इस साल मानसून की शुरुआती रफ्तार काफी धीमी और सुस्त रही है। भू-अभिलेख विभाग द्वारा 25 जून को जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल आज की तारीख तक जिला 4.64 इंच औसत बारिश का आंकड़ा छू चुका था, जबकि इस वर्ष जिला अब तक केवल 4.28 इंच पर ही पहुंच पाया है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार सिहोर में 0.16 इंच मामूली बारिश हुई। वहीं जावर क्षेत्र पर इस दौरान बादलों ने पूरी तरह निराश किया और वहां कोई बारिश दर्ज नहीं की गई। अब तक की कुल बारिश में मेघना क्षेत्र सबसे आगे है, जहां 0.61 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इसके बाद इछावर में 0.53 इंच और बुदनी में 0.10 इंच वर्षा हुई है।

उधर सीहोर शहर में 4.75 इंच, आष्टा में 3.31 इंच, जावर में 3.11 इंच, बेटी में 3.02 इंच और अहमदपुर में 2.30 इंच बारिश दर्ज की गई है। किसानों की बढ़ी चिंताजिले साल से मानसून के पिछड़ने के कारण जिले के अन्नदाताओं की चिंता बढ़ती जाने लगी है, क्योंकि खरीफ की खेती के लिए खेतों को अच्छी और लगातार बारिश की दरकार होती है। जून का महीना समाप्त होने की ओर है, ऐसे में पिछले साल के मुकाबले कम रही गिरना खेती के मुख्यतारी पक्ष को प्रभावित कर सकता है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल दुरुस्ती दौर है।

आष्टा के भंवरा गांव में बोवनी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष,

डीआर संवाददाता>>इछावर

सीहोर जिले के आष्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंवरा में गुरुवार को खेत में बोवनी के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक संघर्ष में बदल गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच लगभग लाठी-डंडे चले, जिसमें एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल हैं।

घटना के दौरान मारपीट के अलावा ट्रैक्टर और एक वाहनक्षेत्र वाहन में भी तोड़फोड़ की गई, जिससे वाहनों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए तत्काल सिविल अस्पताल आष्टा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर रेफर कर दिया।

सिविल अस्पताल आष्टा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर रेफर कर दिया। वहीं, आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि बोवनी के कार्य के दौरान शुरू हुआ विवाद बाद में मारपीट में बदल गया।

पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा घटना के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

समीक्षा बैठक सभी पात्र हितग्राहियों को मिले योजनाओं का लाभ - अध्यक्ष श्री रवि मालवीय

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम अध्यक्ष ने की स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उत्थान योजना और मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अधिक से अधिक विधिवत आवेदन करने, ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने, योजनाओं के लक्ष्य बढ़ाने, छोटे एवं व्यापारिक प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक श्री सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री जिस राठौर ने योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार और हितग्राहियों को लाभान्वित करने के संबंध में सुझाव दिए।

अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि गांव और वार्ड स्तर तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा पात्र युवाओं, महिलाओं एवं स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उत्थान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय स्थापित करने के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में उद्योग क्षेत्र के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपए तथा सेवा एवं व्यवसाय इकाइयों के लिए 1 लाख से 25 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। बैंक द्वारा वितरित ऋण पर 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक दिया जाता है। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र आवेदक लाभ उठा कर सकते हैं। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री उदय योजना के लिए 40 प्रकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 13 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए, जिनमें से 10 प्रकरण स्वीकृत तथा 9 प्रकरणों में ऋण वितरण किया जा चुका है।

बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना के अंतर्गत छोटे स्वरोजगार कार्यों के लिए 10 हजार रुपए से 1 लाख रुपए तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में बैंक ऋण पर 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों

संविधान हत्या दिवस पर आपातकाल को बताया

डीआर संवाददाता>>गैरया।

रातकनपुर में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा 25 जून 1975 को लागू किए गए आपातकाल की स्मृति में संविधान हत्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि तत्कालीन सरकार ने सत्ता के अहंकार में संविधान की मूल भावना पर प्रहार किया और नागरिकों की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया। कार्यक्रम में कहा गया कि आपातकाल के दौरान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लगाई गई, प्रेस पर सेंसरशिप लागू की गई और हजारों लोकतंत्र सेनानियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विपक्षी नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया। वक्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों के दमन का प्रतीक बताया। इस अवसर पर आपातकाल से जुड़ी एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उस दौर की प्रमुख घटनाओं और संघर्षों की जानकारी दी

डिजीटल अखबार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 – 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 26 जून 2026

न्यूज गैलरी

एमपी ट्रांसको ने शुरू किया वेंडर–फ्रेंडली पोर्टल

सीहोर। कार्यपालन यंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने वेंडर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए अत्याधुनिक वेंडर–फ्रेंडली पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल से बिल जमा करने से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और रियल–टाइम में ट्रैक की जा सकेगी। वेंडर्स को बिल की स्थिति की जानकारी एसएमएस और ई–मेल के माध्यम से मिलेगी। यह पहल पारदर्शिता बढ़ाने और भुगतान प्रक्रिया को अधिक सरल एवं डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

शैरूंदा मंडी में 28 जून तक नीलामी बंद

शैरूंदा। कृषि उपज मंडी शैरूंदा में 26 से 28 जून तक लगातार तीन दिन नीलामी बंद रहेगी। मंडी प्रशासन ने बताया कि 26 जून को मोहर्रम, 27 जून को चौथा शनिवार और 28 जून को साप्ताहिक अवकाश होने से सभी व्यापारिक गतिविधियां स्थगित रहेंगी। इस दौरान किसानों से उपज लेकर मंडी नहीं आने की अपील की गई है। निर्बाध नीलामी और अन्य कार्य 29 जून सोमवार से फिर शुरू होंगे।

मंदिर परिसर में पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

सीहोर। सीहोर के कोठीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में 12 से अधिक पौधे लगाए गए। समाजसेवी श्रीमती अखिलेश राय ने बताया कि अगले एक महीने में 100 से ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे। संत महापुरुषों ने पौधों की सुरक्षा पर जोर दिया और पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया। अभियान को क्षेत्रवासी भी जुड़ रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

850 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

शैरूंदा। शैरूंदा के गोपालपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दीपक यादव और सागर यादव के पास से 850 ग्राम गांजा तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। जब्त मादक की कुल कीमत करीब 82 हजार रुपए बताई गई है। मामले में एक अन्य आरोपी राहुल यादव की तलाश जारी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

आष्टा मंडी में 6625 क्विंटल कृषि उपज की आवक

आष्टा। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को 6625 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज हुई। नीलामी में सोयाबीन 10,470 रुपए, गेहूं गुजराता 4,446 रुपए और चना सफेद 6,521 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। कल–शनिवार मंडी में 1,222

खेती–किसानी नगर परिषद में पौधारोपण और जनजागरूकता अभियान चलाकर किया जागरुक

दिलाया संकल्प: आओ सब मिलकर स्वच्छ हरित और समृद्ध कोठरी का निर्माण करें

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

डीआर संवाददाता»सीहोर

विशेष पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जनजागरूकता एवं स्वच्छता संकल्प अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान और अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत

गुरुवार को नगर परिषद कोठरी में विशेष पौधारोपण एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान में माननीय अध्यक्ष सर्वेश्वरी दलपति, मुख्य नगर परिषद अधिकारी सहित शर्मा, इंजीनियर निखिल कवनानिया, पार्षद विजय सिंह, पार्षद मदन लाल वर्मा, पार्षद दिनेश चौधरी, पार्षद धन्ना सिंह सहित अन्य पार्षदगण व समस्त नगर परिषद टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर भोपाल से आई विशेष टीम का सदस्य श्याम तिवारी, जितेंद्र हा, मकरंद और सचिन पटेल द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों, नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और अमृत हरित महाअभियान के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोठरी में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर स्वच्छता, हरित पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अभियान के माध्यम से नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने, जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छ एवं हरित कोठरी के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया गया।

स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता अपनाने प्रेरित करते हुए इन अभियानों की आवश्यकता और महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोठरी में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर स्वच्छता, हरित पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

लीक, परीक्षा रद्द करने, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी के साथ बेरोजगारी के मुद्दे को उठाएगी कांग्रेस

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव कुशवाही ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं के जायज मुद्दों को लेकर शुरू राष्ट्रव्यापी अभियान शहरों की मुहिम प्रदेश के हर जिले में जनजागरण और संवाद के रूप में चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देशभर में लाखों छात्र–युवा छात्र–युवा पेपर लीक, बार–बार परीक्षाएं रद्द होने, फीसों में अनावश्यक देरी, शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं से निराश हैं। ऐसे समय में युवाओं की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उनके भविष्य से जुड़े सवाल जन–जन तक पहुंचाने हैं। कुशवाही ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अभियान में पेपर लीक, परीक्षा स्थगन, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की कमियों को प्रमुखता से उठाएगी। कोटा में हुई छात्रों की मृत्यु रैली के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और राहुल गांधी के संदेश को स्थानीय स्तर में प्रभावी तरीके से रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समाज के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में विवेक राठौर, भगवान यादव, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, गुलीस दुबे, रामकृष्ण प्रसाद दुबला, बंटी रिछारिया, भरत सिंह लोन मौजूद रहे।

रेहटी पुलिस की कार्रवाई, सट्टा लिखने वाला और जुआ खेलते छह आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रेहटी पुलिस ने सट्टा और जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक सोनाली सक्सेना के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कसारे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस ने 24 जून को मानगुराडिया निवासी 28 वर्षीय फैजल मोहम्मदी को अवैध रूप से सट्टा अंक लिखते हुए पकड़ा। उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, लेजर पेन और 1,320 रुपये नकद जब्त किए गए। आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरी ओर उसके खिलाफ सट्टा अभियान के चलते दर्ज होने के कारण पुलिस ने उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की।

इसी दिन रेहटी के अलग अलग गांवों के 05 लोगों को ताश के पत्तों पर हार–जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। आरोपियों के ताश के पत्ते और 8,500 रुपये नकद जब्त किए गए। सभी को खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश कसारे, उपनिरीक्षक महेश सिंह धुर्वे तथा पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

श्री नृसिंह मंदिर परिसर में एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण के साथ संरक्षण का संकल्प

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर। 25 साल की तरह इस साल भी शहर के कोठीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण के साथ ही संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती नमिता अखिलेश राय ने सहकारी मंदिर परिसर में 100 से अधिक पौधों का रोपण आगामी एक माह के अंदर किया जाएगा।

इस मौके पर मंदिर के संत महामंडलेश्वर महाराज ने सहकारी मंदिर परिसर हर साल एक अभियान करता आ रहा है। पौधे लगाए, वृक्ष लगाएं वह संकल्पबद्ध होकर दिखाई देने लगा है। क्षेत्रवासी इस अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने सहकारी मंदिर परिसर में 100 से अधिक पौधों का रोपण किया। उन्होंने पौधे लगाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों की सुरक्षा व पॉलीथिन का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। इनकी जन्मदाता सिर्फ पौधे लगाने तक नहीं होना चाहिए। उन्हें पेड़ बनाना भी आवश्यक है।

प्लास्टिक व पॉलीथिन के बहिष्कार के कार्यक्रम

शंकराचार्य मंत्र के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा और सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट ने कहा कि प्लास्टिक व पॉलीथिन से बहिष्कार के कार्यक्रम को लेकर बताया कि जब हम सनातन पालनहार की बात करते हैं तो हमें प्लास्टिक से बनी हर वस्तु का पूर्ण बहिष्कार करना होगा। हम यात्रा के दौरान लोगों को ऐसी वस्तुओं के उपयोग को लेकर जागरूक कर रहे हैं, जो हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है। इसके साथ ही इनके पूर्ण बहिष्कार का संकल्प भी लोगों को दिला रहे हैं।

"रुपए "किस्त को लेकर विवाद, युवक पर चाकू से हमला"

बुधनी। बुधनी में सामूह की किस्त समय पर जमा नहीं करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मान निवासी 38 वर्षीय पप्पू मीना बुधवार दोपहर घर पर भोजन कर रहा था, तभी अनिल मेरे और करण मेरे उसके घर के बाहर पहुंचे और किस्त को लेकर विवाद करने लगे। कहासुनी बढ़ने पर करण ने सब्बी काटने वाले बड़े चाकू से पप्पू के दाहिने हाथ के पंजे पर वार कर दिया। चोटी खुशीला और भाभी दीपके ने बीच–बचाव किया। घायल का अस्पताल में इलाज कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खाड़ी हाथ में 4 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

डीआर संवाददाता»आष्टा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को जनपद की ग्राम पंचायत खड़ीहाट में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हुआ। विधायक भोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 का सपना रखा है। हम सब मिलकर इसे पूरा करेंगे।

विधायक ने बताया, अनिवीर योजना से आष्टा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवाओं का चयन हुआ है। गांव खड़ी के विकास सचिव निखिल वर्मा, ग्राम पंचायत से अनुकूल वर्षा का पतन होने पर उन्होंने प्रसन्नता की। विधायक ने सरपंच मनोहर पटेल की सराहना की, कहा, ये अतिसक्रिय है। गांव के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं। नई योजनाएं लाने के लिए लगातार प्रयास करते हैं।

विधायक ने खड़ीहाट में 2.90 करोड़ की लागत से बनी ग्रामकोष द्वार सेमेंटाई रपटा की कार्यड़ी वेल, 26 लाख से सामुदायिक भवन, 10 लाख से सीसी सड़क का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत में 6 लाख के टीन शेड, हनुमान मंदिर चौक में 2.50 लाख की सीसी चौक सहित यात्री प्रतीक्षालय, पानी के टैंक, विद्यार्थियों के लिए स्थाई महली विम का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। कुल लगभग 4 करोड़ के रहे। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष भारतसिंह पटेल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर, पूर्व मंडी अध्यक्ष धर्मसिंह बारी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नीतू गुप्ताल, विष्णु उपमार ने भी संबोधित किया। सरपंच मनोहर पटेल ने विधायक को मंच पर सौंपा।

भाजपा सभी वर्ग की पार्टी, हर वर्ग को हो रहा उत्थान- रवि मालवीय

डीआर संवाददाता»आष्टा

भाजपा सभी वर्गों की पार्टी है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के प्रत्येक वर्ग का उत्थान हो रहा है। मोहन एवं प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा, महिला, मजदूर और वंचित नागरिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उक्त विचार नगर पालिका परिषद में स्वागत–सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण वित्त निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिया राठौर सहित अन्य पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने श्री मालवीय का स्वागत किया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को अध्यक्ष श्री मालवीय कलेक्टर सभाकक्ष, सीहोर में आयोजित शिक्षा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा मुख्यमंत्री उद्यमशक्तिरोजगार योजनाओं की समीक्षा बैठक में आए थे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा श्री मालवीय का भव्य रूप से नगर परिषद में स्वागत–सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं नया विद्युत प्रदेश वर्ष समिति सदस्य बनाए जाने पर जवाहर सिंह अरोरा का भी स्वागत किया गया। इस दौरान नगरपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा, नगर उपाध्यक्ष विपिन सारसा, नरेन्द्र राजपूत, अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर, प्रवीण बिजोरिया, राजेश नांदी, मुकेश मेवाड़ा, कमलेश कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, नंदीलाल मालवीय, महामंत्री पवन गुप्ता के अलावा मंडल के पदाधिकारी और क्षेत्रवासी, मण्डल कार्यकर्ता मौजूद थे।

शानदार प्रदर्शन बेल्टशानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

मास्टर आफ ताओ कराटेएसोसिएशन के तत्वाधान में कलर बेल्टप्रतियोगिता का आयोजन

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के इंदौर नाके के समीपस्थ बजरंग कालोनी स्थित मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में नेपाल में भारत का परचम लहराने के लिए तीन दर्जन से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 38 कराटे खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया।

इसके अलावा अकादमी में कलर बेल्ट शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के द्वारा साल भर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। कराटे में कराटे खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनकी खेल प्रतिभा के साथ–साथ आत्मरक्षा की क्षमता भी विकसित हो रही है। प्रशिक्षण शिविर में बालक–बालिकाएं एवं युवा खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कराटे की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कर रहे हैं।

इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने कार्यशाला में पहुंचकर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मान किया। आयोजन में मास्टर ऑफ ताओ एसोसिएशन ऑफ मार्शल आर्ट के संस्थापक एवं ग्रैंडमास्टर लखन ठाकुर एवं संस्था की सचिव विमल ठाकुर ने खिलाड़ियों का स्वागत–सम्मान किया। प्रतियोगिता में शिक्षा सिंह, नलिया शाह डिलमिल लोधी, सुहानी सिसोदिया और रिया बड्डा ने गोल्ड हासिल किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि 17वें इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2026 नेपाल में विजेता खिलाड़ियों अर्पिता ठाकुर सिल्वर, निनाचक वर्मा सिल्वर, दिव्यन्या सिंह गोल्ड, सुहानी सिसोदिया गोल्ड, पायल बागवान सिल्वर, उज्ज्वल सोनी सिल्वर, कीर्ति वर्मा ब्राउन, टिली परमार सिल्वर, रूप सिंह राघवंशियां ब्राउन उदीर खान सिल्वर, प्रिंस भारती ब्राउन, आयुषी वर्मा सिल्वर, शौर्य मालवीय ब्राउन, नलिया शाह गोल्ड, आरोही सूर्यवंशी सिल्वर, साक्षी चौहान सिल्वर मेडल हर्षित मालवीय ब्राउन मेडल राखी परमार ब्राउन मेडल भावेश परमार ब्राउन, देवेंद्र राठौर गोल्ड, वेदांत नरगे ब्राउन मेडल हेमंत परमार सिल्वर मेडल अगाथा फुलवेल ब्राउन मेडल वीपिका लोधी सिल्वर, डिलमिल लोधी गोल्ड मेडल खुशी मथारिया सिल्वर, आरोही पाराशर सिल्वर, रिधान्या बड्डा गोल्ड, अयूब खान सिल्वर, सलमा परमार ब्राउन, पीयान खान ब्राउन, मुदुल जायसवाल और वैभव वर्मा ब्राउन पदक हासिल किया।

एशिया अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित हुए डॉ. नरेंद्र सिंह भाटी

पैरूंका। पैरूंका के राव साहब मंगल सिंह शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र सिंह भाटी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित एशिया अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मलाका में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें शिक्षा, समाज सेवा, उद्योग और कला सहित विभिन्न क्षेत्रों की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में बोलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी मुख्य अतिथि रहीं। डॉ. भाटी को शिक्षा में नवाचार, संस्थान के विकास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए गए

न्यूज गैलरी

अपराधी अकबर खां का जिलाबदर आदेश जारी

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एतद्वारा रोहित काशवानी के संवेदन पर एक प्रकरण में बदर के आदेश जारी कर गए हैं। विभिन्न अपराधों में लिप्त अपराधक अकबर उर्फ बब्बू खां पिता अकबर खां आयु 48 वर्ष के विरुद्ध पत्र दण्ड सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही एक वर्ष के लिए की जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, वर्ष के बाहरवाही के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

505 गर्भवतियों की जांच, 170 हाई रिस्क मामलों का उपचार

विदिशा। विविध प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 25 जून को जिलेभर के शासकीय अस्पतालों में 505 गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच, हीमोग्लोबिन, गर्भावस्था की प्रगति एवं संभावित पॉटेंशियलों की जांच कर आवश्यक उपचार और परामर्श दिया गया। स्वास्थ्यकर्मी डॉ. सुमंतिका गुप्तार ने बताया कि 170 हाई रिस्क गर्भवतियों की पहचान कर विशेष निगरानी एवं उपचार सुनिश्चित किया गया। एनीमिया से प्रभावित आगरल सुझाव लगाए गए।

चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई

ग्यारसपुर। नशा निवारण दिवस के अवसर पर सर्वोदयनि विद्यालय बालगुरु में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक सार्थक गतिविधि, चित्रकला, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार सौरभ मालवीय सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मोहन कुशवाह, प्रभारी ज्योति प्रकाश नेमा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए तथा उनका उत्साहवर्धन किया। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मोहन कुशवाह ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की

शिविर में 50 छात्राओं के बने लर्निंग लाइसेंस

विदिशा। नर्सेज कॉलेज एसएसएस के तत्वावधान में लर्निंग लाइसेंस निर्माण शिविर लगाया गया। शिविर में जिला परिवहन कार्यालय के राजेंद्र चंद्रवंशी एवं आशीष पटेरिया ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में और ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों और ऑनलाइन टेस्ट संबंधी जानकारी भी साझा की।

मीसा डीआईआर के तहत जेलों में बंद रहे लोगों को मिलती है शासन से सम्मान निधी

भाजपा कार्यालय में मीसाबंदियों का हुआ सम्मान, लोकतंत्र रक्षा का लिया संकल्प

मीसाबंदियों ने बताया: सरकार ने बिना वारंट गिरफ्तारियां की, जेलों में कई दिनों तक बंद रखकर किया गया था मुक्त।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

आपातकाल (25 जून 1975) की बरसी पर जिला भाजपा कार्यालय में गुरुवार को कार्यक्रम हुआ।

आपातकाल के दौरान जेलों में बंद रहे मीसाबंदियों का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दौर बताते हुए उसके अनुभवों को याद किया। सम्मानित मीसाबंदियों ने बाबूलाल ताम्रकार, रमन मोहल, गोकुल

विदिशा विनिमय (म.प्र.)

विदिशा। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता पहुंचे रहे।

संविधानहत्या दिन

साहू, राजकुमार शर्मा, राजाबाबू नोने और इमरानखान यादव शामिल रहे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आपातकाल के दौरान बिना वारंट गिरफ्तारियां की गई और जेलों में अमानवीय परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद संघर्ष की बाजी

के संकल्प के साथ मनोबल नहीं टूटा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन था। प्रदेश कार्यसमिति सदस्यरूपनगुप्तर शर्मा ने नई पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों से अवगत कराने की आवश्यकता बताई।

आपातकाल में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ था।

राज्य मिडिया प्रभारी डॉ राहुल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अंत में लोकतंत्र की रक्षा का संकल्पित संकल्प लिया गया। अन्नपूर्ण प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष संदीप डॉगर सिंह ने किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज पांडे, जिला महामंत्री कलवीर रघुवंशी, संतोष शर्मा, मुकेश चौरसे, सहित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मोहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट, फ्लैग मार्च निकालकर शांति और सौहार्द का दिया संदेश

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला मुख्यालय सहित सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं। साथ ही शांति समिति एवं नागरिक सुरक्षा समिति की बैठकों का आयोजन कर विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय पर शनिवार फ्लैग मार्च कोतवाली थाना परिसर से शुरू हुआ। यह मार्च शहर के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों और ताजिया जुलूस मार्गों से होकर निकला। फ्लैग मार्च का पहला आगमन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना और सामाजिक सौहार्द का संदेश देना था।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और धर्मगुरुओं से मुलाकात कर मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री साझा न करने का आग्रह किया।

पुलिस प्रशासन ने ताजिया और जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि लगातार पैदल गश्त और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है।

प्रशासन का कहना है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व पुलिस बल और आवश्यक संसाधन तैयार रखे गए हैं। पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील ।

छात्रा की शिकायत पर डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस कर रही जांच

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के सिरोंज में एक छात्रा द्वारा स्थानीय अस्पताल संचालक और भाजपा नेता डॉ. रंजीत माहुर पर लगाए गए छेड़छाड़ और अशोभनीय व्यवहार के आरोपों के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी।

शिकायत के अनुसार, छात्रा पिछले कुछ समय से महिला संबंधी समस्या और पेट दर्द के उपचार के लिए संजीवनी अस्पताल जा रही थी। छात्रा का आरोप है कि इलाज के दौरान चिकित्सक ने उसे अस्पताल में काम करने और आयुष्मान योजना के तहत उपचार कराने का प्रस्ताव दिया। इसी दौरान उसके साथ अनुचित व्यवहार किया गया।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि 23 जून को अस्पताल के केबिन में बुलाकर उसके साथ अशोभनीय हरकत की गई। इसके अलावा 23 जून को भी आपत्तिजनक शब्द कहे जाने का आरोप लगाया गया है। छात्रा का यह भी कहना है कि बाद में चिकित्सक उसके घर पहुंचे और वहां भी उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया। दोनों-घटनाओं होने पर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद विवाद बढ़ गया।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

सिरोंज में दिव्यांगजनों के लिए परीक्षण शिविर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सिरोंज के आजीविका भवन में गुरुवार को भारत सरकार की एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों के लिए खंड स्तरीय विभांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 42 प्रतिभाग से अधिक शारीरिक अक्षमता वाले दिव्यांगजनों की जांच की गई। पंजीकृत 2500 बने तक 123 से अधिक लोगों का पंजीयन हो चुका था, जबकि शाम तक यह प्रक्रिया जारी रही।

शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (अलिम्को) उज्जैन की विशेषज्ञ टीम ने हाथ, पैर, कान सहित विभिन्न दिव्यांगताओं का परीक्षण कर जरूरत के अनुसार कृत्रिम अंगों और सहायक उपकरणों की ऑनलाइन मैपिंग की। पात्र हितग्राहियों को व्हीलचेयर, ट्राईसाइकल, कैलिपर्स, श्रवण यंत्र, कृत्रिम हाथ-पैर और वॉकर स्टिक जैसे उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। परीक्षण के आधार पर उपकरण तैयार किए जाएंगे और बाद में आयोजित विशेष फिटमेंट शिविर में लाभार्थियों को सौंपे जाएंगे। यह पहल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन को अधिक सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

शुरू हुई खरीफ बुवाई, किसानों ने खेतों में किया भूमि पूजन

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

गंजबासौदा विकासखंड में पर्याप्त बारिश के बाद किसानों ने खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को किसानों ने भारतीय परंपरा के अनुसार खेतों और कृषि उपकरणों का पूजन कर बुवाई कार्य की शुरुआत की।

भूमि पूजन के बाद ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों पर बतादी चढ़ाई गई तथा शुभ मुहूर्त में खेतों में काम शुरू किया गया।

किसान सज्जनलाल दुबे ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में लगातार अच्छी बारिश हो रही है, जिससे खेतों में पर्याप्त नमी और मजबूत उपलब्ध हो गया है। इसके चलते सोयाबीन और धान की बुवाई शुरू कर दी गई है। कृषि विभाग के अधिकारी सूर्यभान सिंह बागेश्वरी ने बताया कि अब नगर और उपखण्ड क्षेत्र में प्रभावित वर्षा होने से किसान बुवाई में जुट गए हैं, जबकि कम बारिश वाले क्षेत्रों के किसानों को कुछ दिन और इंतजार करने की सलाह दी गई है। इस वर्ष विकासखंड में 55 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन बुवाई का लक्ष्य रखा गया है, जबकि धान का रकबा घटकर 20 हजार हेक्टेयर रह गया है।

निर्जला अमावस्या पर खाटू श्याम मंदिर में हुआ नौका विहार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

गंजबासौदा के वार्ड क्रमांक 13 स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर में निर्जला अमावस्या के अवसर पर गुरुवार को विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिर परिसर में भगवान खाटू श्याम का भव्य नौका विहार कराया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके लिए कृत्रिम तालाब तैयार कर उसे फूलों और रंग-बिरंगे झंडों से सजाया गया था। भगवान को सुसज्जित नाव में बिठाकर नौका विहार कराया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया था। दोपहर में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और कीर्तन भजनों में हिस्सा लिया। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आई भजन मंडलियों ने बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। देर शाम तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम जारी रहने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

लोहाबाजार पहुंची सीबीआई की टीम

विदिशा। स्थित एसबीआई की शाखा में हुए कथित मोटल लोन घोटाले की जांच तेजी से चल रही है। गुरुवार को भी सोई की टीम जांच करने आई। लगातार तीन दिनों से टीम इस घोटाले की जांच पड़ताल कर निकालने में लगी हुई है। इससे पहले सीबीआई की टीम एमपी ज्वेलर्स और कैलाश नारायण अतिथ सुबह ज्वेलर्स पर जांच कर चुकी है। टीम बैंक रेल से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज खंगाल रही है।

गांवों का भ्रमण | एसपी रोहित काशवानी ने ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए उपाय

एसपी रोहित काशवानी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया

साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले में चल रहे 15 दिवसीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान सेफ सिटीजन के तहत गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसपी रोहित काशवानी ने मेडिकल छात्रों एवं स्वास्थ्य सेवकों से जुड़े विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और युवा वर्ग इनके निशाने पर है। साइबर ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी तथा फोन ऐप्स के माध्यम से होने वाली ठगी से बचने के लिए सतर्क रहना आवश्यक है। विद्यार्थियों से सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता विवरण, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी साझा न करने की हिदायत दी। साथ ही साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों और बचाव के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अविनाश लवानिया, कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज, यातायात थाना प्रभारी आशीष राय, सूबेदार नेता शर्मा सहित वरिष्ठ चिकित्सक, विभागाध्यक्ष, नर्सिंग स्टाफ एवं प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर हेल्प डेस्क 7587937936 अथवा निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करें।

एक क्विंटल तुलाई व्यवस्था बहाल की मांग, हम्माल यूनियन ने सौंपा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

हम्माल यूनियन संघ ने कलेक्टर के नाम सिटी कलेक्टर नितिन कुमार जैन को ज्ञापन सौंपकर कृषि उपज मंडी गंजबासौदा में एक क्विंटल तुलाई व्यवस्था पुनः लागू करने की मांग की। कृषि उपज मंडी समिति गंजबासौदा द्वारा जारी आदेश के बाद 13 अप्रैल को लागत संघ, हम्माल संघ और मंडी समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में निर्णय लिया गया था कि 16 जून से एक क्विंटल वजन उठाने एवं तुलाई का कार्य बंद कर केवल 50 और 60 किलोग्राम की इकाइयों में तुलाई की जाएगी। हम्माल संघ का कहना है कि इस व्यवस्था से मंडी में कार्यरत मजदूरों की आय और रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ा है। अधिकांश मजदूरों के परिवार पूरी तरह इसी कार्य पर निर्भर हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति बन रही है।

श्रम न्यायालय, आयोग तथा कृषि निदेशक के अनुरूप व्यवस्था लागू करने साथ ही पंजीयनी उचित कार्रवाई नहीं लोकतांत्रिक एवं दो आंदोलन करने के

नशा मुक्ति दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता, विजेता सम्मानित

ओलंपस हाई स्कूल में नशा मुक्ति दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सेवा सलीम ने छात्रों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कक्षा 1 से 6 वर्ग में तनिष्का सोनी प्रथम, नंदा जैन द्वितीय और कामना गोस्वामी तृतीय रहीं। वहीं कक्षा 7 से 12 वर्ग में देवांश विश्वकर्मा प्रथम, बोहरा द्वितीय और निधा दांगी तृतीय स्थान पर रहीं।

न्यूज गैलरी

नवीन एसडीएम कार्यालय भवन का लोकार्पण आज

नरसिंहगढ़। नगर के नेशनल हाईवे अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय भवन का लोकार्पण समारोह शुक्रवार 26 जून को प्रातः 11:30 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुंजवर राजपाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर तथा विधायक मोहन बर्गा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुशील कुमार ने नागरिकों से समारोह में शामिल होने की अपील की है। नवीन भवन के लोकार्पण से राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के संचालन में सुविधा मिलने के साथ आमजन को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

करंट लगने से ग्रामीण की मौत

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत खुमान सिंह आदिवासी उम्र 53 साल निवासी ग्राम बांसखेड़ी की बीजी वाले खेत में करंट लगने से मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले मुंगावली थाने के अंतर्गत पुलिस ने मुंगावली निवासी सोमचंद खांडी के पास से 18 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार सेहरई पुलिस ने तिलोली निवासी कुंदरसाद आदिवासी के पास से 05 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। लोतवाड़ी पुलिस ने बंधन पटेल निवासी बरखेड़ी के पास से 05 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

रितेश रघुवंशी बने किसान कांग्रेस ब्लॉक नईसराय अध्यक्ष

अशोकनगर। नईसराय जिला किसान कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में रितेश रघुवंशी अमरोद को पुनः किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नईसराय नियुक्त किया गया है महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह की प्रेरणा से जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चुन्नर द्वारा की गई है। पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार सिंह का आभार व्यक्त किया।

डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम का प्रशिक्षण होगा

अशोकनगर। मध्यप्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार, जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में 28 जून को प्रत्येक बूथ पर होने वाली बैठक की बात के लिए समग्र सालगी मोबिल की गई है। बता आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि रविवार 28 जून को सुबह 10:00 बजे कार्यकर्ताओं का बूथ पर एकत्रीकरण 10:35 से 10:55 तक दो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रेरक उद्बोधन होगा। सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम का आयोजन, इसके बाद 11:40 से

नवीन न्याय संहिता में 60 दिवस में विवेचना पूर्ण करने वाले शीर्ष जिलों में भी शामिल

पॉक्सो मामलों के त्वरित निस्तारण में राजगढ़ बना प्रदेश का नंबर-1 जिला

मुख्य सचिव की समीक्षा में मिली प्रशंसा, संवेदनशील जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर दी

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

मुख्य सचिव द्वारा आयोजित कानून व्यवस्था, नवीन न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक में राजगढ़ जिले के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की गई। बैठक में बताया गया कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों का दो माह के भीतर निराकरण करने में राजगढ़ जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन की प्रशंसा मुख्य सचिव द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत प्रकरणों की विवेचना 60 दिवस के भीतर पूर्ण कर निराकरण करने में भी राजगढ़ जिला प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल हुआ है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिले को बधाई देते हुए

जिला पुलिस प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की गई। मुख्य सचिव ने राजगढ़ जैसे संवेदनशील जिले में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने हेतु किए जा रहे सामूहिक प्रयास सराहनीय हैं।

आपराधिक प्रकरणों एवं अपराध नियंत्रण पर की समीक्षा

बैठक में विभिन्न आपराधिक प्रकरणों एवं अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन तथा अवैध मंडावर के विरुद्ध की जा रही कार्यवाहियों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समन्वित रूप से सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में शैक्षणिक परिसरों को ड्रग फ्री जोन घोषित करने हेतु की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा भी की गई।

सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पर्व पर्व एवं त्योहारों की शांतिपूर्ण एवं सम्मान करते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। त्योहार के दौरान सभी अव्यवस्थ सुरक्षा एवं समन्वयात्मक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न न हो। इस दौरान कलेक्टर डॉ. निरंजन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, उप मण्डलीय दंडाधिकारी श्रेणी प्रथम योगेन्द्र मोलानिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इन्दिरा मड़मवार, जिला शिक्षा अधिकारी रामकिशन विश्वकर्मा अधिकारी मौजूद रहे।

सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों की हुई समीक्षा

बैठक में राजस्व विभाग से राजस्व सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन को राजस्व संबंधी सेवाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही दौरान हेल्पलाइन 112 प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए जनहित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राजगढ़ में युवक को बांधकर पीटने और दागने का वीडियो वायरल, 4 पर केस दर्ज

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

राजगढ़ जिले के सारंगपुर गांव में युवक को ट्रैक्टर से बांधकर मारपीट करने और गर्म तार से दागने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। काली पीठ थाना पुलिस ने आरोपियों पर एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 23 जून की रात गोविंद वर्मा पर 80 हजार जाल बाई खोबिया के घर में घुसकर उनकी चांदी की चेन लूटने और कड़े निकालने का प्रयास करने का आरोप है। महिला के शोर मचाने पर वह मौके से फरार हो गया। अगले दिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और गांव में लाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से बांध दिया। इसके बाद उसकी पिटाई की गई। वायरल वीडियो में एक युवती युवक के पैर को गर्म लोहे के तार से दागती हुई भी दिखाई दे रही है।

बाद में ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने गोविंद वर्मा के खिलाफ लूट और घर में घुसने का मामला दर्ज किया है तथा उसके कब्जे से चांदी की चेन बरामद करने का दावा किया है। जांच के दौरान युवक के अनुसूचित जाति वर्ग से होने की जानकारी मिलने पर देवराज, लखन समेत चार लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट और मारपीट की धाराओं में अलग से केस दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच एसडीओपी स्तर पर की जा रही है। वायरल वीडियो के आधार पर घटना में शामिल सभी लोगों की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विश्वनाथ कॉलोनी के रहवासियों ने शराब दुकान हटाने की उठाई मांग, टीआई को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

की विश्वनाथ कॉलोनी के रहवासियों ने क्षेत्र में संचालित शराब दुकान को आबादी से हटाने की मांग तेज कर दी है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक स्थानों पर हो रही शराबखोरी पर रोक लगाने और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

रहवासियों का कहना है कि शराब दुकान के पीछे स्थित खाली मैदान में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बैठकर शराब पीते हैं। नशे की हालत में कई लोग गाली-गलौज, शोर-शराबा और अन्य व्यवहार करते हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। लोगों ने बताया कि मैदान में शराब की खाली बोतलें, प्लास्टिक और अन्य कचरा फैला रहता है। कई बार बोतलें तोड़ देने के कारण टुकड़े बिखर जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

ज्ञापन में कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि क्षेत्र में पुलिस की नियमित गश्त बढ़ाई जाए, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और शराब दुकान को आबादी से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। इस दौरान जितेंद्र शर्मा, सुनील यादव, दिलीप शर्मा, कृष्णकांत, दीपेश शर्मा सहित कई नागरिक मौजूद रहे। रहवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन के समक्ष व्यापक जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे।

विश्वनाथ कॉलोनी से शराब दुकान हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

ब्यावरा की विश्वनाथ कॉलोनी के रहवासियों ने क्षेत्र में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना है कि दुकान के कारण इलाके में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

रहवासियों के अनुसार, शराब दुकान के पीछे स्थित खाली मैदान में रोजाना लोग बैठकर शराब पीते हैं। नशे की हालत में ये गाली-गलौज, शोर-शराबा और अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे कॉलोनी का माहौल खराब हो गया है। इसके अलावा शराब की खाली बोतलें और टूटा कांच मैदान में बिखरा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

ज्ञापन में नागरिकों ने मैदान और आसपास के क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा शराब दुकान को आबादी से दूर किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। इस दौरान जितेंद्र शर्मा, सुनील यादव, दिलीप शर्मा, कृष्णकांत, दीपेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

ब्यावरा में 3 कोचिंग संस्थान सील, 8 को नोटिस

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

ब्यावरा में कोचिंग संस्थान की पास अग्नि लगने की घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा मानकों की जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार को तीएनओ इकबाल अहमद के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने शहर के कई कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच में नियम अवहेलना, अग्नि अवस्था, पंजीकरण और विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त सुविधाओं की कमी मिलने पर 3 संस्थानों को तत्काल सील कर दिया गया।

इसके अलावा आठ अन्य कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी कर अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र, भवन नक्शा, पंजीकरण और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। तीएनओ ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस पहल का अभिभावकों ने स्वागत किया है।

जागरुकता अभियान: पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

डीआर संवाददाता ✍ जीरापुर

नए पुलिस द्वारा संचालित सेफ जिला 2.0 सुरक्षित जिला, सुरक्षित नागरिक, साइबर सुरक्षा जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार हाईस्कूल शासन सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा की जरूरी जानकारी दिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी लोकनारायण मीना, उपनिरीक्षक सतेज सिंह, एएसआई दिनेश महावर एवं पुलिस विभाग की टीम ने छात्र छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी।

9930 पर तुरंत करें शिकायत: अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। इसके अलावा नजदीकी थाने में भी सूचना दी जा सकती है। इस अवसर पर संस्था संचालक रणवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक नागरिकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों को नियमित आयोजित करने की अपील की। संचालन खेल शिक्षक अरविन्द बंसल ने किया।

समीक्षा बैठक | समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

नामांकन अपार आईडी में तेजी लाने के निर्देश

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्टर डॉ. निरंजन कुमार सिंह के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इन्दिरा मड़मवार द्वारा ली गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, डीपीसी, सहायक परियोजना समन्वयक, एपीसी, समग्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड समन्वयक एवं जनशिक्षक उपस्थित रहे। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत विद्यालयों में नामांकन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, अपार आईडी निर्माण, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पुनः विद्यालय वर्गों तथा विद्यालय संचालन संबंधी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. मड़मवार ने निर्देश रूप से कक्षा 1 में नवीन प्रवेश, कक्षा 1 से 8 तक कुल नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, अपार आईडी निर्माण एवं स्मार्ट कक्षाओं के प्रभावी संचालन की विकासखंडवार एवं जनशिक्षा केन्द्रवार समीक्षा की। सभी जनशिक्षकों, एसआईएस ऑपरेटरों एवं बीआरसी को स्मार्ट कक्षाओं के नियमित उपयोग एवं सक्रिय मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति बाधित है, उनकी सूची तैयार कर सप्ताह सीमा बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक से अनुपस्थित जनशिक्षक और स्कूल प्राचार्यों को दिए नोटिस

बैठक के दौरान ब्यावरा विकासखंड के लक्ष्यवास संकुल से जनशिक्षक कान्तिलाल, छात्रा जयंती, कक्षा तालोदा तथा गुरुकुल पब्लिक स्कूल, सारंगपुर विकासखंड से संस्कृति विद्यापीठ उनोडी, टेलेंट पब्लिक स्कूल सारंगपुर, सागर ज्ञान मंदिर, जीरापुर विकासखंड से एडमास विद्यालय एकोदी, एस के कान्वेंट जीरापुर, जनशिक्षक टपरियाखेड़ी राजगढ़ विकासखंड कौलखेड़ा संकुल से इनमध्यमी एकोदमी, की बैठक में अनुपस्थिति तथा कार्य में प्रगति न करने पर नोटिस जारी किये गए।

खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

ब्यावरा के श्री खाटू श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ा। मंदिर समिति के अनुसार, एक लाख से अधिक भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगला आरती के साथ शुरू हुआ दर्शन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा और पूरा मंदिर परिसर भजन की स्वरों से गूंजता रहा।

इस अवसर पर बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। उज्जैन से मंगाए गए ताजे फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से मंदिर को भव्य रूप दिया गया। शहर और आसपास के गांवों से निकली निशान यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच भक्त बाबा-गढ़ी मंदिर पहुंचे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति, प्रशासन, पुलिस और स्वयंसेवकों ने पेयजल, प्रसाद, चिकित्सा सहायता और यातायात की बेहतर व्यवस्था की, जिससे दर्शन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए।